विविध गतिविधियां

शतरंज खिलाड़ी प्रिशा ने जीता स्वर्ण पदक

जासं, गुरुग्राम: राज्यस्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में गुरुग्राम की प्रिशा पाहुजा ने स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने आनलाइन खेली गई प्रतियोगिता में अंडर-10 आयु वर्ग में खेलते हुए प्रदेश भर के खिलाड़ियों के बीच शानदार प्रदर्शन किया। प्रिशा अब एक जुलाई से राष्ट्रीय स्तर पर खेली जाने वाली प्रतियोगिता में हरियाणा की तरफ से खेलेंगी। पांच राउंड के मुकाबले में प्रिशा ने सभी राउंड में बढ़त बनाई और स्वर्ण पदक हासिल किया। शहर की नन्ही शतरंज खिलाड़ी ने पहले भी राज्य स्तर पर पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। प्रिशा के पिता गौरव पाहुजा ने बताया कि उनकी बेटी चौथी कक्षा की छात्रा है और वह अपने आयु वर्ग में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश के लिए पदक जीत सके इसके लिए प्रिशा बेहतर तैयारी कर रही है।

शतरंज प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाली प्रिशा पाहुजा • सौ: स्वजन